मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 200, मुंबई, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# 29% उम्मीदवार दागी

## 32% प्रत्याशी करोड़पति

### एडीआर ने चुनाव लड़ रहे 3,237 उम्मीदवारों में से 3,112 उम्मीदवारों के शपथ-पत्र का विश्लेषण कर रिपोर्ट जारी की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ रहे 916 यानी 29% उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 600 (19%) ऐसे हैं, जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले चल रहे हैं। 4 उम्मीदवारों पर दुष्कर्म और 67 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे मामले भी दर्ज हैं। महाराष्ट्र इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में ये बात सामने आई है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**

**राकांपा के सबसे ज्यादा 63% उम्मीदवार दागी**

| उम्मीदवारों का विश्लेषण | कितनों पर आपराधिक मामले | कितनों पर गंभीर आपराधिक मामले |
|---|---|---|
| भाजपा 162 | 96 (59%) | 59 (36%) |
| शिवसेना 124 | 75 (61%) | 59 (48%) |
| कांग्रेस 147 | 83 (57%) | 44 (30%) |
| राकांपा 116 | 73 (63%) | 40 (35%) |
| मनसे 99 | 49 (50%) | 34 (34%) |




## भाजपा के पराग के पास 500 करोड़ की संपत्ति

### 43% उम्मीदवार उच्च शिक्षित, 19% उम्मीदवार 10वीं पास नहीं

1362 उम्मीदवार ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, डॉक्टरेट व अन्य डिग्री लिए हुए हैं। यह कुल उम्मीदवारों का 43% है। वहीं 613 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो 10वीं पास नहीं हैं। इनमें से 36 उम्मीदवार पूरी तरह निरक्षर हैं।

### 60 साल से ऊपर के 334 उम्मीदवार

## हरियाणा चुनाव: 10 उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 1200 करोड़ रुपए

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर 1169 लोग मैदान में हैं। एडीआर के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव में लड़ रहे 10 उम्मीदवारों की संपत्ति ही 1200 करोड़ रुपए के आसपास है। इनमें जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के उम्मीदवार रोहतास सिंह के पास 325 करोड़ रुपए की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर नारनौंद से लड़ रहे भाजपा के कैप्टन अभिमन्यु हैं, जिनके पास 170 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

शुद्ध घी में बना
केसरीया मलाई घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501

## शरद पवार बोले- मरी हुई मां का दूध नहीं पिया

# ईडी को येडी बना दूंगा




**सोलापुर।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। महाराष्ट्र के सोलापुर में शुक्रवार को एक रैली में उन्होंने कहा कि मुझे ईडी का डर न दिखाओ, मैंने मरी हुई मां का दूध नहीं पिया है। दरअसल, शरद पवार ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# ईडी के सामने पेश हुए प्रफुल्ल पटेल

## इकबाल मिर्ची से लैंड डील के संबंध का है आरोप



संवाददाता

**मुंबई।** दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के साथ कथित लैंड डील के मामले में आरोपी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल शुक्रवार को ईडी के सामने पेश। फिलहाल उनसे मुंबई स्थित ईडी ऑफिस में पूछताछ जारी है। उन्हें बुधवार को ईडी की ओर से समन भेजा गया था। उनसे सीजे हाऊस की परिसंपत्तियों को लेकर पूछताछ की जाएगी।


(शेष पृष्ठ 5 पर)

# परिवार ने छोड़ा साथ, 'अकेलेपन' में ही दुनिया छोड़ गया 200 करोड़ की संपत्ति का मालिक

### 2 साल से थे अस्पताल में भर्ती, अंतिम सांस लेने वाले झावेरी के परिवार का कोई भी सदस्य साथ में नहीं

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के नेपियन सी रोड स्थित 200 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक निखिल झावेरी की बुधवार को निमोनिया से मौत हो गई। झावेरी दो साल से अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल में अंतिम सांस लेने वाले झावेरी के परिवार का कोई भी सदस्य उनकी मौत के वक्त साथ नहीं था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उनके बेटे से संपर्क साधा और झावेरी के मौत की जानकारी दी।

निखिल झावेरी पिछले कई सालों से गंभीर शारीरिक और मानसिक बीमारियों से जूझ रहे थे। साल 2013 में वह अचानक कांदीवली स्थित अपनी बहन के घर से अचानक गायब हो गए। बाद में उन्हें बोरीवली पुलिस थाने के पास से बरामद किया गया और किसी एनजीओ द्वारा संचालित एक आश्रम में भेज दिया गया। जनवरी 2014 में उनकी पहचान निखिल विठ्ठलदास झावेरी के रूप में की गई। उसी साल अगस्त में उन्हें गिरगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह साल 2017 तक ऐडमिट रहे।



इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेजे अस्पताल में भर्ती करने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने झावेरी संपत्तियों को लेकर थर्ड पार्टी द्वारा किसी भी तरह की डील करने पर रोक लगा दी और प्रॉपर्टी के संरक्षण के लिए रिसीवर नियुक्त कर दिया। जेजे अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि झावेरी दो साल से अस्पताल में भर्ती थे लेकिन उनके परिवार का कोई भी सदस्य उनकी देखभाल के लिए नहीं आया। उन्होंने बताया कि झावेरी का अस्पताल में तकरीबन डेढ़ लाख रुपये का बिल बकाया है।

जानकारी के मुताबिक, झावेरी ने दो शादियां की थीं और दोनों ही पत्नियों से उनका तलाक हो चुका था। उनकी दूसरी पत्नी से उन्हें एक बेटा भी है, जो विदेश में रहता है। झावेरी की मौत के बाद पुलिस ने काफी मशक्कत से झावेरी के बेटे रेयान से संपर्क साधा था। पुलिस ने बताया कि रेयान विदेश में हैं और वह शुक्रवार को अपने पिता का शव लेने के लिए मुंबई पहुंचेंगे। झावेरी की संपत्तियों को लेकर उनकी पूर्व पत्नी, बेटे और उनकी बहनों के पति के बीच विवाद है। बताया गया कि झावेरी की पहली पत्नी दिप्ती पांचाल ने उनकी संपत्ति पर अपना दावा करते हुए कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। इसके बाद रेयान ने पांचाल के खिलाफ फर्जी तरीके से उनके पिता का हस्ताक्षर कर हलफनामा तैयार करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करा दी।

इसके अलावा उन्होंने पांचाल की मदद करने के आरोप में झावेरी की तीन बहनों के पति मुरली मेहता, नितिन पारेख और शैलेश पारेख के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया। मुंबई पुलिस की इकनॉमिक ऑफिंस विंग मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबर


### प्रॉपर्टी वेब पोर्टल को महारेरा में रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी !

**मुंबई।** विज्ञापन से अधिक सुविधाएं देने वाले और एजेंट की तरह व्यवहार करने वाले रियल एस्टेट वेब पोर्टलों को दो महीने के भीतर महाराष्ट्र रियल रेग्युलेटरी अथॉरिटी (महारेरा) में रियल एस्टेट एजेंट के तौर पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अगर वे रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं और विज्ञापन से अधिक सुविधाएं देते हुए एजेंट के तौर पर काम करते हुए पाए गए, तो उन पर दंड भी लगाया जा सकता है। महारेरा के मुताबिक, जो वेब पोर्टल विज्ञापन से अधिक सुविधाएं देते हैं, वे सभी रियल एस्टेट एजेंट के दायरे में आते हैं। मुंबई ग्राहक पंचायत ने महारेरा को एक पत्र लिखकर प्रॉपर्टी वेब पोर्टल की तरफ ध्यान दिलाया था। इस पर संज्ञान लेते हुए महारेरा ने एमसीएचआई-क्रेडाई आदि संस्थाओं से सुझाव मांगा था। साथ ही, वेब पोर्टलों से अपना पक्ष रखने को कहा था।

इस पर वेब पोर्टलों ने कहा कि वे महारेरा के नियमों के तहत रियल एस्टेट एजेंट नहीं हैं। वे घर खरीदारों और प्रमोटरों को सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराते हैं। वे प्रिंट मीडिया की तरह सिर्फ विज्ञापन प्रकाशित करते हैं। इस दौरान वेब पोर्टल की तरफ से यह भी कहा गया कि वे घर खरीदारों को बिना शुल्क वसूल किए तुलनात्मक जानकारी देते हैं। वे प्रमोटरों को ऑनलाइन स्पेस देते हैं और सिर्फ उसके लिए शुल्क लेते हैं, इसलिए उनका यह कार्य रेरा के तहत एजेंट के तौर पर नहीं आता है।

मुंबई ग्राहक पंचायत के चेयरमैन शिरीष देशपांडे के मुताबिक, प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि जो पोर्टल प्रिंट मीडिया की तरह सिर्फ विज्ञापन प्रकाशित करते हैं, उन्हें महारेरा में पंजीकृत कराना जरूरी नहीं है, लेकिन जो इससे बढ़कर सुविधाएं दे रहे हैं और काम कर रहे हैं, उन्हें दो महीने के भीतर महारेरा के तहत रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है।

### कृपाशंकर ने अनुच्छेद 370 को लेकर मनमोहन के बयान का स्वागत किया




**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व नेता कृपाशंकर सिंह ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के पक्ष में संसद में मतदान किया था। मनमोहन ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के तरीके का विरोध किया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संसद में इस पहल (अनुच्छेद 370 को खत्म करना) के पक्ष में मतदान किया न कि इसके विरोध में। कांग्रेस का मानना है कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान है लेकिन अगर बदलाव लाया जाना है तो इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं के मुताबिक। मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके कृपाशंकर ने अनुच्छेद 370 हटाने के कदम पर कांग्रेस की मुखालफत के विरोध में पार्टी छोड़ दी थी। उन्होंने यहां एक बयान में मनमोहन सिंह की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं इस बयान का स्वागत करता हूं कि कांग्रेस धारा 370 रद्द करने के खिलाफ नहीं है। डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने संसद में प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के अन्य प्रमुख सदस्यों को भी विवादास्पद संवैधानिक प्रावधान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## सावरकर के पौत्र बोले- इंदिरा गांधी थीं वीर सावरकर की अनुयायी, उनकी विचारधारा पर चलीं

**मुंबई।** ऐसे में जब वीर सावरकर को भारत रत्न दिए जाने के नाम पर राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं, सावरकर के पोते रंजीत सावरकर का अनोखा बयान आया है। इसमें रंजीत सावरकर ने इंदिरा गांधी को सावरकर का अनुयायी बताया है। यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि अभी कुछ दिनों पहले ही रंजीत सावरकर ने सोनिया और राहुल पर मुंबई की एक अदालत में मानहानि का केस किया था।

रंजीत सावरकर ने अपने बयान में कहा है, 'इंदिरा गांधी वीर सावरकर का सम्मान करती थीं, मुझे दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी सावरकर की अनुयायी थीं क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था, सेना को मजबूत बनाया, विदेशी संबंध मजबूत किए और परमाणु परीक्षण भी किया। यह सब नेहरू और गांधी की विचारधारा के खिलाफ था।'

रंजीत सावरकर ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अकटकट) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को भी नसीहत देते हुए कहा, 'ओवैसी को सावरकर के इस सिद्धांत का पालन करना चाहिए कि मजहब को अपने घर में रखें, जब घर से बाहर निकलते हैं तो आप न हिंदू हैं और न मुसलमान बल्कि भारतीय हैं।



सावरकर उम्मीद करते थे कि जो लोग संसद में आएं वे जाति, धर्म और लिंग भेद बाहर ही रखकर आएं। आपको सावरकर से ज्यादा सेकुलर कोई नहीं मिलेगा'

गौरतलब है कि सितंबर में मुंबई की एक अदालत ने वीर सावरकर को कथित रूप से ह्यराष्ट्रद्रोहीह्व कहने के लिए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी के खिलाफ मानहानि की शिकायत की जांच के आदेश दिए थे। सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने भोइवाड़ा की अदालत में इस संबंध में एक शिकायत दाखिल की थी।

### अमिताभ बच्चन अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों के अभिनेता अमिताभ बच्चन को नियमित जांच के लिए मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के एक सूत्र ने ह्यपीटीआई-भाषाह्व को बताया कि अमिताभ मंगलवार को नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए और वह अब भी वहीं हैं।शुरुआत में मिली खबरों के अनुसार अमिताभ लीवर संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती है, लेकिन यह बात स्पष्ट नहीं है।अमिताभ ने गुरुवार को 'करवा चौथ' के मौके पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं थी। उन्होंने 11 अक्टूबर को अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ अपना 77वां जन्मदिन मनाया था।

## मुंबई में 2 करोड़ से ज्यादा कैश जब्त, अब चुनाव आयोग करेगा कार्रवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का प्रचार अब अपने चरम पर है। इस दौरान जगह-जगह कैश जब्त करने का भी सिलसिला जारी है। बुधवार रात एलटी मार्ग पुलिस ने ऐसे ही एक ऑपरेशन में जवेरी बाजार में 2 करोड़ 19 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस ने चुनाव आयोग और आयकर विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है, ताकि ये एजेंसियां आगे की कार्रवाई कर सकें।

पिछले सप्ताह भी मुंबई में दो अलग-अलग जगह छापेमारी में 63 लाख 9 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई थी। इससे पहले 27 सितंबर को समता नगर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक सफेद टाटा कार के ड्राइवर सहित 8 लोगों के पास से एक करोड़ रुपये की नकदी जब्त की थी।

कानून यह है कि चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से लेकर चुनाव खत्म होने तक नाकाबंदी या छापेमारी में पुलिस को यदि किसी के पास से एक लाख रुपये से ज्यादा कैश मिलता है, तो वह संबंधित व्यक्ति से इस नकदी का स्रोत जरूर पूछ सकती है।

पुलिस की पूछताछ में जवाब संतोषजनक रहा या लोगों ने सबूत दे दिए, तब तो कोई बात नहीं, अन्यथा मामला चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियों के संज्ञान में डाल दिया जाता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# इकबाल मिर्ची से लैंड डील मामले में ईडी के सामने पेश हुए प्रफुल्ल पटेल

**मुंबई।** दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के साथ कथित लैंड डील के मामले में फंसे एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल शुक्रवार को ईडी के सामने पेश होने के लिए एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उन्हें बुधवार को ईडी की ओर से समन भेजा गया था। जांच एजेंसी ने पटेल को 18 अक्टूबर को ईडी ऑफिस में पेश होने के लिए कहा था।

इकबाल मिर्ची से लैंड डील की हो रही जांच

गौरतलब है कि ईडी कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के सहयोगी इकबाल मिर्ची और प्रफुल्ल पटेल के बीच एक कथित लैंड डील को लेकर जांच कर रही है। ईडी का आरोप है कि एनसीपी नेता के परिवार की ओर से प्रमोटेड कंपनी और इकबाल मिर्ची के बीच फाइनैंशल डील हुई थी। इस डील के तहत मिलेनियम डिवेलपर्स को मिर्ची का वर्ली स्थित



एक प्लॉट दिया गया था। इसी प्लॉट पर मिलेनियम डिवेलपर्स ने 15 मंजिला कमर्शल और रेजिडेंशल इमारत का निर्माण किया है।

इस इमारत का नाम सीजे हाउस रखा गया है। इसके बाद 2007 में कंपनी ने कथित तौर पर सीजे हाउस में 14 हजार वर्ग फीट के दो फ्लोर मिर्ची की बीवी हाजरा को एक रजिस्टर्ड अग्रीमेंट के तहत दे दिए गए। ईडी पटेल फैमिली की ओर से प्रमोटेड कंपनी मिलेनियम डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और मिर्ची फैमिली के बीच हुए लीगल अग्रीमेंट की जांच कर रही है। वहीं अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई देते हुए पटेल ने कहा कि इकबाल मेमन के साथ जिस जमीन की डील को लेकर आरोप लग रहे हैं, वह पूरी तरह कानूनी रूप से हुई थी।

पटेल ने कहा कि यह डील रजिस्ट्रार के सामने हुई थी। सारे दस्तावेज कलेक्टर के सामने रखे गए थे। अगर इकबाल मेमन दागी था, तो उस वक्त ही प्रशासन इस डील पर रोक लगा देता।

## बांद्रा से झांसी के लिए विशेष ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी राहत



**मुंबई।** आगामी त्योहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस और झांसी के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन क्रमांक 04182 बांद्रा टर्मिनस-झांसी साप्ताहिक विशेष ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.15 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 01.40 बजे झांसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 अक्टूबर से 29 नवंबर तक चलेगी।

इसी प्रकार वापसी में ट्रेन सं. 04181 झांसी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को झांसी से 16.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चलेगी।

ट्रेन सं. 04182 बांद्रा टर्मिनस-झांसी साप्ताहिक विशेष ट्रेन की बुकिंग 20 अक्टूबर से सभी यात्री आरक्षण केंद्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर होगी।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः हिंदी भाषी उम्मीदवारों का हो रहा जमकर प्रचार

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में हिंदी भाषी उम्मीदवारों का प्रचार जमकर हो रहा है। गोरेगांव से विद्या ठाकुर, मालाड पश्चिम से रमेश सिंह ठाकुर, नालासोपारा से प्रदीप शर्मा इस चुनाव में प्रमुख हिंदी भाषी उम्मीदवार हैं। इनके चुनाव जीतने की संभावनाओं पर खूब चर्चा हो रही है।

मालाड पश्चिम और नालासोपारा खास चर्चा में हैं। मालाड में बीजेपी ने पूर्व विधायक रमेश सिंह ठाकुर और कांग्रेस ने विधायक असलम शेख को उतारा है। असलम का खुद के दम का मेला है, पार्टी की तरफ से उन्हें पर्याप्त सपॉर्ट नहीं मिल रहा है। वहीं, असलम शेख की हैट्रिक रोकने के लिए बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है।

रमेश सिंह ठाकुर का प्रचार करने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बीजेपी के सांसद जगदंबिका पाल, सांसद रवि किशन सहित दर्जनों मंत्री,



सांसद और विधायक प्रचार कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद प्रचार करेंगे।

वहीं, नालासोपार में शिवसेना के उम्मीदवार पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा के लिए खुद शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे प्रचार में उतर चुके हैं। हालांकि, खुद प्रदीप शर्मा इतनी दमखम से प्रचार में जुटे हैं कि पहली बार नालासोपारा में ठाकुर परिवार को कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदीप शर्मा के लिए सांसद सत्यपाल सिंह, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मोर्य, बीजेपी नेता अमरजीत मिश्र, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली समेत कई हस्तियां प्राचर कर रही हैं।

## डॉलर दिखाकर मचाई थी बांग्लादेशी नागरिकों ने लूट, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई की भायखला जीआरपी ने बांग्लादेशी नागरिकों समेत उन लोगों की टोली को पकड़ लिया है, जो स्टेशनों पर डॉलर दिखाकर लोगों को ठगने का काम करती थी। ऐसी ही एक घटना भायखला स्टेशन पर 24 सितंबर को हुई थी। ट्रेन का इंतजार कर रहे अशरफ अली के हाथ में एक अज्ञात लड़का और महिला 20 यूएस डॉलर का असली नोट और एक चिट्ठी जबरदस्ती थमाकर चले गए।

इस घटना से पहले लड़के ने अशरफ को बताया कि 20 डॉलर की यह नोट हमसे एक मारवाड़ी 300 रुपये प्रति नोट की दर से खरीद रहा है, अगर आप खरीदना चाहें, तो हमारे पास 20 डॉलर के 1700 नोट पड़े हैं। अशरफ को कुछ समझ में आए इससे पहले दोनों लोग निकल गए। 20 डॉलर की नोट के साथ दोनों ने जो चिट्ठी छोड़ी थी, उसमें मोबाइल नंबर दिया हुआ था। नोट की सत्यता जानने के लिए अशरफ बैंक में गया, जहां बैंककर्मी ने बताया कि इसके बदले 1400 रुपये मिलेंगे। जब अशरफ को यकीन हो गया कि नोट असली है, तो इस तरह की 1700 नोट खरीदने का लालच मन में आया। इसी लालच ने अशरफ को ठगी का शिकार बनाया। 1700 नोट खरीदने के चक्कर में अशरफ ने जब फोन मिलाया, तो उसे आरोपियों ने घाटकोपर बुलाया। अशरफ घाटकोपर पहुंचा। वहां उनकी भारत कैफे में मीटिंग हुई, जहां अशरफ



को बताया गया कि जिस घर में वे लोग काम करते थे, उसका मालिक मर गया। तकिये के नीचे से उन्हें इतने डॉलर मिले हैं। उनका अब कोई वारिस नहीं है। इसलिए डॉलर बेचना चाहते हैं। अशरफ को उनकी कहानी पर यकीन हो गया और वो पैसे लाने के लिए तैयार हो गया। आरोपियों ने अशरफ से 4 लाख रुपये में सौदा मंजूर किया। अशरफ ने एक घंटे का समय मांगा और अपने भायखला घर से 4 लाख रुपये लेकर आया। आरोपियों में से एक अमन वाहिद खान ने अशरफ को चालाकी से बैग में से निकालकर डॉलर का बंडल दिखाया। अशरफ को आरोपी भारत कैफे के सामने तीन रास्ते पर लेकर गए। वहां उससे चार लाख रुपये लिए और बैग से 7-8 रुमाल में लपेटा हुआ बंडल पकड़ा कर फटाफट चलते बने। रुमाल में जब कुछ नहीं निकला तो अशरफ के होश उड़ गए।

## महाराष्ट्र / विपक्ष का आरोप, एमआईईबी की चौथी कक्षा की किताब से हटा शिवाजी महाराज का इतिहास

**पुणे।** विधानसभा चुनाव से चंद दिन पहले महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड (एमआईईबी) की चौथी कक्षा की पुस्तकों से छत्रपति शिवाजी महाराज का इतिहास हटाने से विवाद पैदा हो गया। इसे लेकर शिक्षा विभाग की आलोचना हो रही है। वहीं महाराष्ट्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एमएससीईआरटी) ने इस विवाद के लिये 'गलतफहमी' को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पाठ्यक्रम से शिवाजी महाराज को हटाने का कोई प्रयत्न नहीं किया गया।

इस मामले पर कांग्रेस और राकांपा ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बालासाहेब थोरात और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने इसकी आलोचना की है। थोराट और चव्हाण ने कहा कि यह शिवाजी के प्रति भाजपा-शिवसेना सरकार के 'फर्जी' प्रेम को दर्शाता है।

वहीं, नासिक के नंदगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'यह अध्याय इसलिए था ताकि चौथी कक्षा के छात्र शिवाजी महाराज के काम को समझें। लेकिन सरकार ने अब उस अध्याय को हटा दिया है।'

पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री विनोद तावड़े ने गुरुवार को कहा, 'एमआईईबी पाठ्यक्रम के तहत चौथी कक्षा तक अलग-अलग विषय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास, भूगोल और विज्ञान जैसे अलग-अलग विषयों को पांचवीं कक्षा में बोर्ड द्वारा लागू किया गया है।'

बता दें कि महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड के पाठ्यक्रम में चौथी क्लास में , '17 वीं शताब्दी में मराठा योद्धाओं के जीवन और समय' नाम का चेप्टर पढ़ाया जाता है। विपक्ष का कहना है कि इसी चेप्टर को एमआईईबी पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए था।

महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना तावड़े के शिक्षा मंत्री रहने के दौरान की गयी थी। इस पर तावड़े ने कहा, यदि आप कक्षा छह की पुस्तकों को देखेंगे तो आपको छत्रपति शिवाजी महाराज की उपलब्धियों का उल्लेख मिलेगा। राज्य के मंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि 17 वीं शताब्दी के मराठा योद्धा राजा का अध्याय चौथी कक्षा की इतिहास की पाठ्य पुस्तक में शामिल जाएगा।

इस विषय पर कुछ गलतफहमी रही और अधूरी जानकारी दी गई' राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम से छत्रपति शिवाजी को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

# कन्हैया कुमार का भाजपा पर निशाना

## सावरकर को भारत रत्न देना भगत सिंह का अपमान


**औरंगाबाद।** जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार ने वीर सावरकर को भारत रत्न देने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। वे गुरुवार की रात यहां के आमखास मैदान में औरंगाबाद मध्य विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार ए.डी.वी. अभय टकसाल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि सरकार विनायक सवारकर को भारत रत्न से सम्मानित करती है, तो उसे इसी पुरस्कार के लिए शहीद भगत सिंह के नाम की सिफारिश नहीं करनी चाहिए? कन्हैया ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह सावरकर को भारत रत्न देने की सिफारिश करेगी, जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद भगत सिंह का अपमान है।




रैली में उन्होंने दावा किया कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। कम्युनिस्ट पार्टी ने निजामों के शासन को मराठवाड़ा से समाप्त करने के लिए शुरू किये गये मुक्तिसंग्राम में भाग लिया था औरपार्टी हमेशा लोगों की भलाई के मुद्दे पर लड़ती रहेगी। औरंगाबाद में जातिवाद की राजनीति समाप्त हो गयी है। पार्टी यहां 35 विभिन्न मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। सत्तारूढ़ भाजपा अनुच्छेद 370 की मुद्दे उठा रही है और किसान, बेरोजगारी, सड़क, जल संकट जैसे कई बुनियादी मुद्दों को दर किनार कर रही है। उन्होंने मतदाताओं से जातिवाद और क्षेत्रवाद के नाम पर मतदान नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि मतदाता झूठे वादों में न फंसे और एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर निष्पक्ष उम्मीदवार को अपना वोट दें। इस मौके पर भाकपा नेता राम भारती, असफाक सलामी,मनोहर टकाला सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

# मुंबई में तेज रफ्तार ट्रक का कहर

## फ्लाईओवर की दीवार तोड़कर नीचे गिरा ट्रक





**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बीती रात भीषण सड़क हादसा हुआ। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर विलेपार्ले के पास एक तेज रफ्तार ट्रक दो गाड़ियों को टक्कर मारता हुआ फ्लाईओवर की सुरक्षा दीवार तोड़कर नीचे गिर गया। मामले में ट्रक के दीवार तोड़कर नीचे गिरने के दौरान ड्राइवर ने छलांग लगा दी। जिससे ड्राइवर बच गया। जानकारी के मुताबिक ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही ट्रक विलेपार्ले स्थित फ्लाईओवर से गुजर रहा था, उसी दौरान ड्राइवर का नियंत्रण ट्रक से टूट गया। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में ट्रक ने एक टैक्सी को भी टक्कर मार दी थी। जिसके कारण टैक्सी में सवार 4 यात्री मामूली तौर पर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में फर्स्ट एड देकर छोड़ दिया गया।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**29% उम्मीदवार दागी**

एडीआर ने महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे 3,237 उम्मीदवारों में 3,112 उम्मीदवारों के एफिडेविट का विश्लेषण किया। शेष 125 उम्मीदवारों के एफिडेविट में जानकारी स्पष्ट नहीं है। भाजपा और शिवसेना के 171 उम्मीदवार यानी 59.80% पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 118 (41%) पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। वहीं, कांग्रेस-राकांपा के 263 उम्मीदवारों में से 156 (59.3%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 84 (32%) उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मुकदमे हैं। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे 1,359 उम्मीदवारों में से 280 (12%) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2014 के मुकाबले इस बार करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या घटी है। पिछली बार 1095 (47%) उम्मीदवार करोड़पति थे। इस बार 1007 (32%) उम्मीदवार करोड़पति हैं। उम्मीदवारों की औसत संपत्ति भी पिछली बार की तुलना में 44 लाख रुपए घटी है। 2014 में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4.65 करोड़ थी, इस बार यह 4.21 करोड़ है। 757 (25%) उम्मीदवारों की संपत्ति 2 करोड़ से ज्यादा है, जबकि 1815 (58%) उम्मीदवारों की संपत्ति 50 लाख से कम है। 50 लाख से 2 करोड़ के बीच संपत्ति वाले 540 (17%) हैं। उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा संपत्ति घाटकोपर ईस्ट से भाजपा उम्मीदवार पराग शाह के पास है। उनके पास 500 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर मालाबार हिल से भाजपा प्रत्याशी मंगल प्रभात लोढ़ा हैं, इनकी संपत्ति 441 करोड़ है। इनके बाद कांग्रेस उम्मीदवार संजय जगताप हैं, जिनके पास 245 करोड़ की संपत्ति है। 59 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में 334 उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी उम्र 60 साल से ऊपर है। इनमें 47 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनकी उम्र 71 से 80 साल के बीच है।

**ईडी के सामने पेश हुए प्रफुल्ल पटेल**

खबर के मुताबिक, ईडी को इस संपत्ति में प्रफुल्ल पटेल के साथ दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी रहे इकबाल मिर्ची की हिस्सेदारी के बारे में पता चला है। ईडी के नोटिस के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को अपने ऊपर लगे आरोपों को महज अटकलबाजी करार दिया। उन्होंने कहा, मीडिया में लीक हुए कुछ ऐसे कागजात की बात हो रही है, जो शायद मेरे ध्यान में कभी नहीं आए हैं। इकबाल मिर्ची से संबंधों के सवाल पर पटेल ने कहा, जब समय आएगा, तब मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। खबर के मुताबिक, प्रफुल्ल पटेल ने इकबाल मिर्ची की मौत के बाद उसकी पत्नी हाजिरा मेमन को सीजे हाउस में 2 फ्लोर दिए गए थे। पटेल ने कहा कि इस संपत्ति को उनके परिवार ने 1963 में ग्वालियर के महाराजा से खरीदा था। सह-मालिकों के बीच विवादों के चलते ये संपत्ति 1978-2005 से अदालत के रिसीवर में थी। उन्होंने कहा कि हाजिरा मेमन और उनके परिवार के बीच एक पैसे का भी लेन-देन नहीं हुआ है। दाऊद इब्राहिम के सहयोगी इकबाल मिर्ची की 2013 में मौत हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को 2007 में इकबाल मिर्ची और प्रफुल्ल पटेल के बीच सीजे हाउस प्रॉपर्टी के संबंध में कॉन्ट्रैक्ट का पता चला है। इस दस्तावेज पर प्रफुल्ल पटेल ने साझेदार की हैसियत से हस्ताक्षर किए थे। संपत्ति विकसित करने के लिए जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, मीडिया में उसकी तस्वीरें लीक हुईं हैं।

**शरद पवार बोले...**

उन्होंने धमकी भरे अंदाज में कहा कि ईडी का डर न दिखाओ, मैंने मरी हुई मां का दूध नहीं पिया। मैं तुम्हारे ईडी को येडी बना दूंगा। यही नहीं, पवार ने आरोप लगाए हैं कि मोदी सरकार सरकारी एजंसियों का गलत इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं पर दबाव तंत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर पवार मोदी सरकार पर हमलावर हैं। ईडी की कार्रवाई पर उन्होंने कहा था कि यह बदले की भावना से किया गया है और वो इसे एन्जॉय करते हैं। हाल ही में शरद पवार ने चुनाव और महाराष्ट्र से जुड़े कई मसलों पर अपनी राय रखी। जब शरद पवार से को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले से जुड़े ईडी केस के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वो इसे एन्जॉय करते हैं। शरद पवार ने कहा कि मैं किसी को-ऑपरेटिव संस्थान का सदस्य नहीं हूं। ऐसे में कोई केस कैसे हो सकता है। यह सिर्फ बदले की भावना से की गई कार्रवाई है।









# उद्धव बोले, वसई-विरार क्षेत्र में क्राइम रोकने के लिए एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को टिकट दिया

## शिवसेना प्रमुख ने कहा, आपको फैसला करना है कि प्रतिनिधि के रूप में पुलिसकर्मी चाहते हैं या चोर




**शिवसेना** प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार रात नालासोपारा में सभा की। उन्होंने कहा कि उनका दल पालघर जिले के वसई-विरार क्षेत्र में बढ़ती गुंडागर्दी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे समाप्त करने के लिए ही उन्होंने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को टिकट दिया है। उद्धव ठाकरे ने विधानसभा चुनाव में शर्मा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा, मैंने आपको एक पुलिसकर्मी दिया है। अब, आपको यह फैसला करना है कि आप अपने प्रतिनिधि के रूप में एक पुलिसकर्मी चाहते हैं या चोर।

**विकास कार्यों का समर्थन:** शिवसेना प्रमुख ठाकरे ने आगे कहा कि वह क्षेत्र को दहशदवाद से मुक्त कराना चाहते हैं। उनका दल क्षेत्र में सभी विकास कार्यों को समर्थन देता है। लेकिन, यदि ये परियोजनाएं आम आदमी पर प्रतिकूल असर डालती हैं, तो पार्टी सड़कों पर प्रदर्शन करने से परहेज नहीं करेगी। पालघर जिले के वधावन में जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास द्वारा नियोजित बंदरगाह का यदि लोग विरोध करते हैं तो उसे रद कर दिया जाएगा।

# वे पांच फैक्टर जिन्होंने देवेंद्र फडणवीस को बनाया महाराष्ट्र का सबसे ताकतवर राजनेता

**इस वक्त महाराष्ट्र के किसी भी सियासी चेहरे का नाम लीजिये उनमें सबसे ताकतवर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस नजर आयेंगे। राज्य में चुनाव की तारीख के ऐलान के पहले नासिक में हुई एक जनसभा के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवेंद्र फड़णवीस का नाम अगली सरकार के सीएम उम्मीदवार के तौर पर घोषित कर दिया था। महाराष्ट्र में हाल के सालों में ये पहली बार हो रहा है कि बीजेपी सीएम पद का चेहरा ऐलान करके चुनाव लड़ रही है। 2014 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी जब सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी उस वक्त फड़णवीस दिग्गज नेताओं की भीड में एक चेहरा थे, लेकिन सीएम के तौर पर चुने जाने के बाद आज वे महाराष्ट्र बीजेपी के तमाम नामों में सबसे ज्यादा ताकतवर बनकर उभरे हैं।**



### 1- शिवसेना पर लगाम कसी

2014 में जब फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली तब शिवसेना सरकार में शामिल नहीं थी और बीजेपी के पास बहुमत नहीं था। 288 में से बीजेपी के पास 122 सीटें ही थीं। ऐसे में विश्वास मत पारित होते वक्त एनसीपी के विधायकों से बहिष्कार करवाकर फडणवीस ने सरकार बचा ली। इसके बाद शिवसेना को भी सरकार में शामिल कर लिया। शिवसेना सरकार में रहते हुए भी विपक्ष की तरह पेश आई। आये दिन मुखपत्र सामना के जरिये बीजेपी के खिलाफ सामग्री छापी जाती, नेता बीजेपी के खिलाफ बयानबाजी करते और उद्धव ठाकरे इस्तीफा जेब में रखता हूं कहकर सरकार से बाहर निकलने की धमकी देते। इसके बावजूद फडणवीस ने गठबंधन सरकार 5 साल तक चलाई और 2019 में लोकसभा चुनाव के वक्त शिवसेना को गठबंधन के लिये तैयार किया। विधानसभा चुनाव में भी शिवसेना के साथ 50-50 फीसदी सीटों का बंटवारा न करते हुए शिवसेना को सिर्फ 124 सीटें दीं और बीजेपी और सहयोगी दलों को 164 सीटें दिलाईं। सहयोगी दल के लगभग सभी उम्मीदवार कमल के चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं और कानूनी जानकारों के मुताबिक जीतने पर उन्हें बीजेपी का ही व्हिप मानना होगा, नहीं तो सदस्यता चली जायेगी।

### २- विपक्ष के तमाम बड़े चेहरों को तोड लिया

आज महाराष्ट्र में विपक्ष लगभग खत्म सा हो गया है। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के कई बड़े नेता, विधायक, पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक अपनी पार्टियां छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गईं। यहां तक कि राज्य के विपक्ष के नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल भी बीजेपी में शामिल हो गये। विपक्ष की इस तरह से कमर तोड़ने का श्रेय देवेंद्र फडणवीस को दिया जा रहा है।

### ३- पार्टी के अंदरूनी प्रतिदवंदवियों को धाराशाई किया

2014 में जब बीजेपी सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी तब सीएम कौन हो सकता है, इसको लेकर कई नामों की चर्चा हुई, जिनमें एकनाथ खडसे, विनोद तावडे और पंकजा मुंडे का भी नाम था। चिक्की घोटाले में नाम आने के बाद पंकजा बैकफुट पर चलीं गईं हालांकि उन्हें क्लीन चिट मिल गई। मुख्यमंत्री पद की महत्वकांक्षा रखने वाले बाकी दो नाम विनोद तावडे और एकनाथ खडसे को फडणवीस ने टिकट ही नहीं मिलने दिया। 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर फडणवीस की ही चली और उन्होने अपने करीबियों को ही टिकट दिलाये।

### 4- सरकार को घेरने वाले मुद्दों को ठंडा किया

मराठा आरक्षण, कर्जमाफी और सूखा ये कुछ ऐसे मुद्दे थे जिनसे कि बीजेपी मुश्किल में घिरती नजर आ रही थी, लेकिन फडणवीस ने बडी ही चतुराई ने इनका निपटारा किया। लोकसभा चुनाव के जो नतीजे आये उससे पता चला कि इन मुद्दों ने बीजेपी को कामयाबी हासिल करने में कोई रोड़ा नहीं अटकाया।

### 5- स्थानीय निकाय और उपचुनावों में कामयाबी

इन 5 सालों में राज्य भर में होने वाले महानगरपालिका और नगरपालिका जैसे स्थानीय निकाय के कई चुनावों में बीजेपी का परचम लहराया। पालघर लोकसभा सीट के उपचुनाव में शिवसेना की ओर से उम्मीदवार खड़े किये जाने के बावजूद भी जीत हासिल की। नासिक महानगरपालिका में राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस से सत्ता छीनकर बीजेपी के मेयर को बिठाया। देवेंद्र फडणवीस का कद लगातार जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए सियासी हलकों में चर्चा हो रही है कि साल 2024 के लोकसभा चुनावों तक वे पीएम पद के लिये नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी के तौर पर उभरें, हालांकि इसके लिये पार्टी के भीतर ही उनका मुकाबला अमित शाह और योगी आदित्यनाथ से होगा। 2024 में फडणवीस को उस मंजिल तक पहुंचने के लिये ये भी देखना होगा कि क्या मोदी फिर से चुनाव लड़ते हैं और क्या बीजेपी फिर सत्ता में आती है?

# दिल्ली पब्लिक स्कूल सफलता के शिखर पर





**दिल्ली** पब्लिक स्कूल कैम्पटी रोड, नागपुर की अदम्य भावना और उत्कृष्टता हासिल करने की लगन के कारण इसका शीर्ष तक पहुंचना संभव हुआ है। स्कूल को कई उपाधियों से सम्मानित किया गया है जैसे, एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा नागुपर के सबसे बेहतर (नंबर 1) सह-शिक्षा स्कूल की उपाधि - इंडिया स्कूल रैंकिंग 2019-20 और एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा मल्टी स्पोर्ट्स कल्चर अवार्ड - ग्रैंड जूरी रैंकिंग - 2019-20. स्कूल ने छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए विविध विषयों, विविध संस्कृतियों, खेलों, शिक्षाकी निरंतरता, नैतिकता और शैक्षणिक मापदड़ों के आधार पर पाठ्यक्रम तैयार किया है। स्कूल विद्यार्थियों को संवेदनशील व्यक्तित्व के तौर पर ढालने के लिए उन्हें मूल्यों के साथ जोड़ने की कोशिश करता है। उनमें चुनौती, साहस और प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने के लिए खेलों का बेहतरीन प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इस यात्रा को सफल बनाने में डीपीएस कैम्पटी की अध्यक्ष सुश्री तूलिका केडिया और मिहान का बहुत बड़ा योगदान है जिनसे हमें हर कदम पर आगे बढ़ने की प्रेरणा औरऊर्जा मिलती है। प्रिंसिपल सुश्री रितु शर्मा ने स्कूल का असाधारण नेतृत्व किया हैऔर अपनी वह संपूर्ण प्रतिबद्धता के लिए श्रेय की हकदार हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल कैम्पटी रोड, नागपुर मजबूती के साथ खड़ा है। प्रशंसा और पुरस्कार यह साबित करते हैं कि हम छात्रों को पर्याप्त अवसर और एक सुरक्षित और सुखद वातावरण प्रदान करके प्रत्येक छात्र कोआगे बढ़ाने के अपने मिशन को हासिल करने के सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं ताकि वे आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करें और सफल एंव जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बन सकें।

# मित्तल कॉलेज और साक्षर एनजीओ का संयुक्त पहल







**ओशिवारा** में आनंद नगर के झुग्गियों के 100 बच्चों को फूड बॉक्स, बैग, किताबें, कम्पास बॉक्स, टिफिन, पानी की बोतलें और स्टेशनरी वितरित किया गया। श्री राजेन्द्रजी मित्तल- (माननीय सचिव, मित्तल कॉलेज), श्री सौरभ जोशी और सुश्री स्नेहा मालीपेडी (सह-संस्थापक, साक्षर वेलफेयर सोसाइटी), डॉ. सुहासिनी बी आर्य (निदेशक, मित्तल कॉलेज), श्रीमती स्मिता सोवानी ( प्रभारी प्राचार्य, मित्तल कॉलेज), श्रीमती ममता बलवंती (प्रोफेसर, मित्तल कॉलेज), सुश्री दर्षिका करिया (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. सुनील गोसावी (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी), एनएसएस विद्यार्थियों और साक्षर स्वयंसेवकों को विशेष धन्यवाद।

# अनूप जलोटा और जसलीन मथारू की जोड़ी 'वो मेरी स्टूडेंट है' में नजर आएंगे

**पिछले** वर्ष सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो बिग बॉस की सबसे चर्चित और विवादित जोड़ी थी अनूप जलोटा और जसलीन मथारू की। उस समय इन दोनों के रिलेशनशिप में होने की बातें सामने आई थीं, लेकिन शो के बाहर आते ही दोनों ने अपने रिश्ते को टीचर और स्टूडेंट का रिश्ता बता दिया था। हालांकि लोगों को दोनों की जोड़ी बहुत पसंद आई थी। ऐसे में दोनों सितारों के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब जसलीन और अनूप जलोटा की जोड़ी एक बार फिर साथ में नजर आएगी और इस बार इनकी जोड़ी टीवी पर नहीं बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर देखने को मिलेगी। दोनों फिल्म 'वो मेरी स्टूडेंट है' में नजर आएंगे। फिल्म के लेखक और डायरेक्टर जसलीन के पिता केसर मथारू हैं। फिल्म का मुहूर्त शॉट मुंबई में शूट किया गया जहां अनूप और जसलीन समेत मीडिया भी मौजूद थी। फिल्म के मुहूर्त शॉट से अनूप जलोटा और जसलीन की कई सारी तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें जसलीन एक स्कूल स्टूडेंट के रूप में अपने हॉट अंदाज में नजर आ रही है। जसलीन सफेद शर्ट और लाल स्कर्ट में कहर ढा रही थीं जबकि अनूप जलोटा भी यहां काफी अलग लुक में नजर आए। बेहद रंगीली टी-शर्ट, हाथ में बंदूक और गले में एजे की लॉकिट, कई चैन, सर पे कैप पहने अनूप एक रैपर के रंग में नजर आए। इस कॉमेडी फिल्म में अनुप जलोटा सिंगर रैपर बनेंगे और जसलीन उनकी शिष्या. मुंबई के फ्यूचर स्टूडियो में फिल्म के मुहूर्त के समय अनूप जलोटा ने कहा कि पिछले साल, दिवाली के पहले बिग बॉस में जाकर एक धमाका किया था और अब ये फिल्म इस दिवाली से पहले का बड़ा धमाका है. जसलीन के साथ मेरे रिश्ते को लेकर लोगों के मन में बहुत सारी गलत धारणाएं हैं इस फिल्म से सब क्लियर हो जाएगा. अनूप जलोटा ने कहा कि मूवी में वो मेरे पास म्यूजिक सीखने आती हैं। बिग बॉस में अनूप जलोटा के संग अपने रिलेशन के बारे में जलसीन ने कहा कि उस समय मजाक में कही गई बात इतनी बड़ी हो जाएगी मुझे अंदाजा नहीं था। उसी रिश्ते के बारे में फैली गलतफहमियां दूर करने के लिए यह फिल्म बनाई जा रही है। फिल्म के एक सीन के साथ इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई है। फहीम कुरैशी द्वारा निर्मित फिल्म अगले साल रिलीज होगी।



# भारतीय लोकतंत्र में विपक्षी दल पंगू क्यों?

**भारतीय** लोकतंत्र में विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका निर्वाह करने में असफल रहे हैं। क्योंकि दलों के दलदल वाले देश में दर्जनभर से भी ज्यादा विपक्षी दलों के पास कोई ठोस एवं बुनियादी मुद्दा नहीं रहा है, देश को बनाने का संकल्प नहीं है, उनके बीच आपस में ही स्वीकार्य नेतृत्व का अभाव है जो विपक्षी नेतृत्व की विडम्बना एवं विसंगतियों को ही उजागर करता है। ऐसा लग रहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अब नेतृत्व की नैतिकता एवं नीतियों को प्रमुख मुद्दा न बनाने के कारण विपक्षी दल नकारा साबित हो रहे हैं, अपनी पात्रता को खो रहे हैं, यही कारण है कि न वे मोदी को मात दे पा रहे हैं और न ही सार्थक विपक्ष का अहसास करा पा रहे हैं। भाजपा एवं मोदी का कोई ठोस विकल्प पेश करने को लेकर विपक्षी दल गंभीर नहीं हैं, वे अवसरवादी राजनीति की आधारशिला रखने के साथ ही जनादेश की मनमानी व्याख्या करने, मतदाता को गुमराह करने की तैयारी में ही लगे हैं। इन्हीं स्थितियों से विपक्ष की भूमिका पर सन्देह एवं शंकाओं के बादल मंडराने लगे। क्या देश के अंदर विपक्ष को खत्म करने की साजिश हो रही है? क्या इसके लिए सत्ता की ताकत का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है? ये आरोप निराधार एवं भ्रामक हैं। यह कहना बिल्कुल भी उचित नहीं है कि भारत की राजनीति विपक्ष विहीन हो चुकी है, मनोबल अवश्य टूटा है, अतीत के दाग पीछा कर रहे हैं लेकिन विपक्ष विहीन भारतीय राजनीति की स्थिति जब भी बनेगी, संभवतः लोकतंत्र भी समाप्त हो जायेगा। विपक्ष की कमजोर एवं नकारा स्थिति के लिये भाजपा या मोदी को जिम्मेदार ठहराना भी उचित नहीं है। विपक्ष अपनी इस दुर्दशा के लिये खुद जिम्मेदार है। विपक्ष वैचारिक, राजनीतिक और नीतिगत आधार पर सत्तारूढ़ दल का विकल्प प्रस्तुत करने में नाकाम रहा है। उसने सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना की, पर कोई प्रभावी विकल्प नहीं दिया। किसी और को दोष देने के बजाय उसे अपने अंदर झांककर देखना चाहिए। मुद्दा विहीनता उसके लिए इतनी अहम रही है कि कई बार राष्ट्रीय मुद्दों पर उसने जुबान भी नहीं खोली। लोकतंत्र तभी आदर्श स्थिति में होता है जब मजबूत विपक्ष होता है। क्यों नहीं विपक्ष सीबीआई, आरबीआई जैसे मुद्दों को उठाता, आम आदमी महंगाई, व्यापार की संकटग्रस्त स्थितियां, बेरोजगारी आदि समस्याओं से परेशान हो चुका है, वह नये विकल्प को खोजने की मानसिकता बना चुका है, जो विपक्ष नेतृत्व के उद्देश्य को नया आयाम दे सकता है, क्यों नहीं विपक्ष इन स्थितियों का लाभ लेने को तत्पर होता। बात केवल विपक्ष की ही न हो, बात केवल मोदी को परास्त करने की भी न हो, बल्कि देश की भी हो तभी विपक्ष अपनी इस दुर्दशा से उपरत हो सकेगा।



अशोक भाटिया

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मुख्तार अंसारी के बेटे के यहां मिला हथियारों का जखीरा

**लखनऊ।** पुलिस ने विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के दिल्ली स्थित घर से कई विदेशी-देसी असलहे व हजारों कारतूस बरामद किए हैं। छापेमारी में लखनऊ पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की टीम भी शामिल थी। पुलिस गुरुवार को सारे असलहे लखनऊ ले आई।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने गुरुवार को बताया कि 12 अक्टूबर को महानगर कोतवाली में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के मामले में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अब्बास की लोकेशन दिल्ली में है। हमारी टीम दिल्ली पहुंची और दिल्ली पुलिस से भी मदद मांगी गई। पुलिस को अब्बास अंसारी के बसंतकुंज स्थित किराए के मकान का पता चला। पुलिस ने सर्च वॉरंट के आधार पर बुधवार को यहां छापेमारी की।



सूत्रों के मुताबिक, एसटीएफ कई महीनों से मुख्तार और उसके करीबियों के नाम से जारी शस्त्र लाइसेंसों की पड़ताल कर रही थी। जांच में पता चला कि अब्बास के लखनऊ के पते पर बने लाइसेंस पर डबल बैरेल बंदूक खरीदी गई है। पुलिस, डीएम की अनुमति के बिना ही यह लाइसेंस दिल्ली के पते पर ट्रांसफर करवा लिया गया। लाइसेंस ट्रांसफर होने के बाद 5 असलहे और खरीदे गए। असलहे दिल्ली व यूपी दोनों जगह प्रयोग किए जा रहे थे। इंस्पेक्टर महानगर अशोक सिंह ने बताया कि अब्बास घर पर नहीं मिला।

छापेमारी में पुलिस टीम को अब्बास के घर से इटली की डबल बैरल बंदूक, स्लोवेनिया से मंगवाई गई सिंगल बैरल गन, लखनऊ से खरीदी गई साउथ कैटाफिल की मैगनम राइफल, दिल्ली से खरीदी गई डबल बैरल गन, मेरठ से खरीदी गई यूएस मेक रिवॉल्वर, स्लोवेनिया से आयात की गई राइफल, सात अलग-अलग बोर के बैरल, ऑस्ट्रिया की तीन पिस्टल की बैरल, ऑस्ट्रिया की दो मैगजीन, एक लोडर और अलग-अलग बोर के 4,331 कारतूस मिले। इंस्पेक्टर महानगर अशोक सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान अब्बास घर पर नहीं मिला।

# कांग्रेस विधायक अदिति सिंह ने सीएम योगी से की मुलाकात,

## सियासी गलियारों में चर्चा तेज



**लखनऊ।** पार्टी नेतृत्व के इनकार के बाद भी विशेष सत्र में शामिल हुईं रायबरेली से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम से अदिति सिंह की मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में एक बार फिर पार्टी से नाराज अदिति के भाजपा में जाने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का गुरुवार का दिन विधायकों से मिलने का तय है। अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। प्रियंका गांधी की करीबियों में शुमार विधायक अदिति सिंह ने पार्टी द्वारा 36 घंटे के विशेष विधानसभा सत्र का बहिष्कार किए जाने के बाद भी सत्र में भाग लिया था। इसको लेकर तत्कालीन कांग्रेस सीएमपी लीडर (अब प्रदेश अध्यक्ष) अजय कुमार लल्लू ने उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। स्पष्टीकरण देने के लिए दो दिन का समय दिया था। अदिति सिंह ने स्पष्टीकरण का आज तक कोई जवाब नहीं दिया। साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों से भी दूरी बना ली है।

# जहां से हटा था वहीं बनेगा संत रविदास मंदिर, केंद्र सरकार देगी जगह

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों चर्चा में रहे संत रविदास मंदिर के लिए केंद्र सरकार आखिरकार जगह देने के लिए तैयार हो गई है। दिल्ली में मौजूद इस मंदिर को डीडीए ने 10 अगस्त को हटा दिया था, जिसके बाद देशभर में प्रदर्शन हुए थे, दिल्ली में भी एक बड़ी रैली निकाली गई थी। अब तय हुआ है कि मंदिर जिस जगह पर था वहीं पर उसका फिर से निर्माण किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने ही 5 अक्टूबर को मंदिर का समाधान निकालने के लिए केंद्र से कहा था। आज उसी की अगली तारीख थी, जिसपर केंद्र सरकार ने जमीन देने की बात कही। तब कोर्ट दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह याचिका डीडीए के खिलाफ थी।

बता दें कि यह मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हटाया गया था। 9



अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि गुरु रविदास जयंती समारोह समिति ने शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद जंगली इलाके को खाली नहीं करके गंभीर उल्लंघन किया है। गुरु रविदास जयंती समारोह समिति बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के बीच सुप्रीम कोर्ट में केस में सर्वोच्च अदालत ने डीडीए से 10 अगस्त तक वहां से निर्माण को हटाने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की संवेदनशीलता और श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए सरकार उसी जगह पर 200 वर्ग मीटर की जमीन मंदिर निर्माण के लिए देगी।

# पुलिस की नौकरी छोड़ सीखी एटीएम क्लोनिंग, फ्रॉड करता रंगे हाथों पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** वह कभी दिल्ली पुलिस ने हवलदार हआ करता था, लेकिन अपराध की दुनिया ने उसे इस कदर आकर्षित किया कि उसने अच्छी-भली सरकारी नौकरी छोड़ दी। वह ऑनलाइन जुआ, बैटिंग का आदी था और महंगी लाइफस्टाइल का शौकीन भी। खर्चे पूरे करने के लिए एटीएम की क्लोनिंग करके लोगों को चूना लगाने लगा। इस तरह से कई लोगों के साथ चीटिंग की, आखिरकार पकड़ा गया।

वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की पुलिस ने उसे जनकपुरी इलाके में लगे एक एटीएम बूथ से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नांगलोई के कुंवर सिंह नगर के रहने वाले रवि कुमार मीणा (37) के रूप में हुई। उसके पास से 61 क्लोन किए हुए एटीएम कार्ड, 2 लाख रुपये कैश, कई बैंकों की कैश विड्रॉल रसीदें, 14 मोबाइल, चाबी के छल्ले और पेन की शेप वाले खुफिया कैमरे और अलग-अलग बैंक अकाउंट्स की 14 चेक बुक्स बरामद हुईं। रवि के खिलाफ मौर्या एनक्लेव, देशबंधु गुप्ता रोड, सराय रोहिल्ला और शालीमार बाग थाने में पहले से चीटिंग व अन्य धाराओं के तहत चार केस दर्ज हैं। गिरफ्तारी से ये चारों केस भी सुलझ गए हैं।

डीसीपी (वेस्ट) दीपक पुरोहित के मुताबिक, मंगलवार रात को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के एक अधिकारी ने पुलिस को सूचित किया कि जनकपुरी स्थित बैंक की ब्रांच में लगे एटीएम बूथ के अंदर लाल रंग का कुर्ता पहने हुए एक शख्स मशीन के साथ छेड़खानी करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रवि को धर दबोचा। उसके पास से क्लोन किए हुए एटीएम कार्ड, स्मार्ट फोन और 2 लाख रुपये बरामद हुए। बाद में उसकी निशानदेही पर रमेश नगर स्थित उसके ऑफिस से अन्य सामान बरामद किया गया। उसे गिरफ्तार करके जनकपुरी थाने में केस दर्ज कर लिया गया।

पूछताछ में पता चला कि लोगों के एटीएम कार्ड का डेटा और पिन नंबर आदि पता करने के लिए रवि ने बाकायदा एक स्पेशल नोटबुक और एक हैंड बैग डिजाइन कर रखा था, जिसमें खुफिया कैमरा ओर मोबाइल छिपाया जा सकता था। कार्ड क्लोनिंग उसने इंटरनेट पर विडियोज देखकर सीखी। वह स्पाई कैमरे और स्कीमिंग डिवाइस के जरिए एटीएम कार्ड के नंबर और वैलिडिटी की तारीख पता करने के बाद एटीएम मशीन के जरिए ही क्लोन किए हुए कार्ड का सीवीवी नंबर जनरेट कर लेता था और फिर रॉयल्टी कार्ड पर मैग्नेटिक चिप लगाकर उसके जरिए पैसे निकालता था।

# गूगल से नंबर लिया, खाते से निकल गए हजारों रुपये

लखनऊ। गूगल आम जिंदगी में लोगों के लिए जितना मददगार है, उससे उतनी ही सहूलियत ठगों को भी हो रही है। गूगल पर नंबर सर्च करके कॉल करने पर कमोबेश रोज ही तीन से चार लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। कोई गैस बुकिंग के नाम पर तो कोई ऑनलाइन खाना ऑर्डर करने के नाम पर। ठगों ने अधिकतर कस्टमर केयर नंबरों को अपने हिसाब से अपडेट कर रखा है। तालकटोरा और पारा पुलिस के पास दो ऐसे ही मामले पहुंचे जिसमें करीब सवा लाख रुपये की चपत लगा दी गई।

राजाजीपुरम की पोस्टल कॉलोनी में रहने वाली गीतांजलि यादव का कहना है कि 13 सितंबर को उन्हें अपनी गैस बुकिंग के संबंध में जानकारी लेनी थी। उन्होंने गूगल पर गैस एजेंसी का नंबर सर्च करके उस पर कॉल की तो दूसरी तरफ से बात करने वाले व्यक्ति ने 10 रुपये का पेमेंट गूगल-पे के जरिए करने के लिए कहा। उसने दावा किया कि पेमेंट होने के एक घंटे बाद गैस सिलिंडर घर पहुंच जाएगा। जालसाजों ने पीड़िता को एक फॉर्म भी भरने के लिए भेजा। पीड़िता ने फॉर्म भरकर भेज दिया, लेकिन गूगल-पे अकाउंट से 10 रुपये नहीं कटे। कुछ ही देर के बाद उनके पास बैंक से मेसेज आया। मेसेज में खाते से 53,452 रुपये निकाले जाने की बात लिखी थी। पीड़िता ने इस संबंध में तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पारा के फतेहगंज इलाके में किसान अंशु प्रजापति ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर को उसने जोमैटो पर खाने का ऑर्डर किया था। इसके लिए उसने 193 रुपये का ऑनलाइन पेमेंट भी किया था। कुछ देर के बाद रेस्ट्रॉन्ट वाले ने ऑर्डर कैंसल कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने रेस्ट्रॉन्ट वाले को फोन कर भुगतान किए गए रुपये वापस मांगे। पीड़ित से जोमैटो कस्टमर केयर पर बात करने के लिए कहा। पीड़ित ने गूगल की मदद से जोमैटो का नंबर सर्च किया। सर्च करने पर मिले नंबर पर पीड़ित ने कॉल किया। दूसरी तरफ बात करने वाले व्यक्ति ने रुपये वापस करने के लिए पीड़िता को एक इंटरनेट लिंक मोबाइल फोन पर भेजा। पीड़ित ने लिंक खोला और उसमें मांगी गई जानकारियां भर दीं। इसके बाद पीड़ित के खाते से कई बार में 74 हजार रुपये कट गए। रुपये कटने का मेसेज आने पर पीडित को ठगी का अहसास हुआ।

# मानसून बंदी के बाद फिर खुला काजीरंगा नैशनल पार्क

*यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल काजीरंगा नैशनल पार्क दुनिया के उन कुछ चुनिंदा स्थानों में से एक है जहां इंसानों की मौजूदगी नहीं है। करीब 43 हजार हेक्टेयर में फैला यह पार्क दुनिया के दो तिहाई एक सींग वाले गैंडे का घर है। मॉनसून के दौरान पार्क को हर साल बंद कर दिया जाता है। नियमित वार्षिक बंदी के बाद शनिवार को एक बार फिर पार्क को सैलानियों के लिए खोल दिया गया है। असम के सीएम सवार्नंद सोनोवाल की मौजूदगी में एक विशेष समारोह के दौरान पार्क के बागोरी और कोहरा रेंज को सैलानियों के लिए खोला गया।*

अगर आपको असली घने जंगल और जंगली परिवेश का अनुभव लेना है तो काजीरंगा चले आएं। मॉनसून सीजन को छोड़कर काजीरंगा में कभी भी जा सकते है। गर्मियों के दौरान यहां दिन में काफी गर्मी और उमस होती है, इस दौरान तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। अगर आपको ज्यादा गर्मी बर्दाश्त नहीं होती है तो आप सर्दियो में काजीरंगा (नवंबर-फरवरी) जाएं। इस दौरान तापमान काफी अच्छा होता है बर्ड वॉचिंग के लिए भी यह सबसे अच्छा समय होता है। इस दौरान तापमान 5 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। ज्यादातर सैलानी एक सींग वाले गैंडों को देखने के लिए काजीरंगा नैशनल पार्क आते हैं लेकिन इसके अलावा भी यहां कई दूसरे



जानवर मौजूद हैं। आपको यहां जंगली हाथी, बाघ, भैंसे, हिरण, ऊदबिलाव, बैजर्स, तेंदुआ और जंगली सुअर के अलावा हजारों की संख्या में अप्रवासी पक्षी भी नजर आ सकते हैं। कई पक्षी साइबेरिया से उड़ान भरकर यहां पहुंचते हैं।

**कैसे पहुंचे**

**हवाई मार्ग:** काजीरंगा के दो सबसे नजदीकी एयरपोर्ट हैं पहला जोरहाट एयरपोर्ट है जो 97 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा दूसरा गुवाहाटी एयरपोर्ट है जो काजीरंगा से 217 किलोमीटर दूर है। यह एयरपोर्ट सड़क मार्ग के रास्ते काजीरंगा से अच्छी तरह जुड़े हैं।

**रेल मार्ग:** काजीरंगा नैशनल पार्क से सबसे नजदीक रेलवे स्टेशन फरकेटिंग है जो पार्क से 75 किलोमीटर दूर है। यहां से दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी के साथ देश के कई प्रमुख शहरों के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध है। इसके अलावा पर्यटक दूसरे नजदीकी रेलवे स्टेशन गुवाहाटी रेलवे स्टेशन ( 240 किलोमीटर) और जोरहाट रेलवे स्टेशन ( 90 किलोमीटर) से भी यहां पहुंच सकते हैं।

सड़क मार्गः काजीरंगा पार्क का मुख्य दरवाजा कोहोरा नाम के एक छोटे से कस्बे में स्थित है जो नैशनल हाइवे 37 के बगल में स्थित है। यह स्थान असम के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा है। यहां आप अपनी गाड़ी से भी आ सकते हैं और निजी या सरकारी बसों से भी पहुंच सकते हैं जो असम के प्रमुख शहरों से नियमित तौर पर चलती रहती हैं।

# आईआरसीटीसी दे रहा नेपाल घूमने का बेहतरीन मौका

नेपाल घूमने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) एक स्पेशल टूर पैकेज लेकर आया है। इस पैकेज का नाम 'अमेजिंग नेपाल टूर एक्स कोलकाताह्न है, जिसमें काठमांडू, पोखरा, चितवन जैसे डेस्टिनेशन्स शामिल हैं। 5 रातों और 6 दिनों का यह टूर कोलकाता से शुरू होगा और पैकेज का कोड रउ001 है। यात्रा की शुरुआत 11 नवंबर 2019 को कोलकाता से होगी। इसके लिए आपको सिंगल ऑक्युपेंसी के लिए प्रति व्यक्ति 47, 160 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। वहीं डबल ऑक्युपेंसी के लिए प्रति व्यक्ति 34,555 रुपये लगेंगे। आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, इस टूर पैकेज में आने-जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, स्टैंडर्ड कैटिगरी के होटल में स्टे, मील प्लान में ब्रेकफास्ट और डिनर शामिल है। साथ ही हर दिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से 1 लीटर मिनरल वॉटर की बोतल मिलेगी। एसआईसी बेसिस पर डीलक्स बस में ट्रांसफर और साइटसीइंग की सुविधा, एक प्रफेशनल और इंग्लिश बोलने वाल लोकल गाइड और 60 वर्ष से कम उम्र के पैसेंजर्स के लिए ट्रैवल इंश्योरेंस भी टूर पैकेज में शामिल है। टूर शुरू होने से 30 दिन पहले तक टिकट कैंसल करने पर 20 प्रतिशत चार्ज देना होगा। टूर शुरू होने से 30-21 दिन पहले 30 प्रतिशत, 20-15 दिन पहले 60 प्रतिशत, 14-8 दिन पहले 90 प्रतिशत चार्ज देना होगा। अगर टूर शुरू होने से 8 दिन पहले आप अपनी बुकिंग कैंसल कराते हैं, तो कुल राशि का 100 प्रतिशत चार्ज लगेगा। नेपाल को दुनिया के सबसे सुंदर देशों में से एक माना जाता है। भले नेपाल क्षेत्रफल में छोटा है लेकिन प्रकृति, संस्कृति और रोमांच के मामले में यह औरों से बहुत अलग है। प्रकृति की खूबसूरती, ऊंचे पहाड़ और हरी-भरी घाटियां देखकर कोई भी मंत्रमुग्ध हो जाता है। नेपाल की राजधानी काठमांडू प्राचीन कला और संस्कृति का खजाना है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

# मिलिए, सिर्फ 21 साल की उम्र में दुनिया के सभी देशों की सैर करने वाली लेक्सी अल्फोर्ड

क्या आपको याद है कि जब आप 21 साल के थे, तब आप क्या कर रहे थे? शायद, दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे होंगे, हायर स्टडी के बारे में सोच रहे होंगे या फिर कहीं चिल कर रहे होंगे। लेकिन 21 साल की लेक्सी अल्फोर्ड दुनिया के सभी देशों की यात्रा करने वाला सबसे कम उम्र की इंसान बन चुकी हैं। इसी साल 31 मई को अमेरिका की रहने वाली लेक्सी ने उत्तर कोरिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि वह दुनिया के सभी देशों की यात्रा करने वाली सबसे कम उम्र की इंसान है।

लेक्सी का कहना था कि ऐसा करके वह 24 साल जेम्स अस्कीथ के साल 2013 में बनाए गए गिनेज वर्ल्ड रेकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं और कैसी डे पेकोल जैसे अन्य यात्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। दुनिया के सभी 196 संप्रभु राष्ट्रों की यात्रा करना एक उपलब्धि है जिसपर अल्फोर्ड बचपन से ही काम कर रही हैं। अल्फोर्ड का परिवार अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक ट्रैवल एजेंसी चलाता है। लेक्सी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दुनिया के सभी 196 देशों की तस्वीरें मौजूद हैं। इंस्टाग्राम पर लेक्सी के फॉलोअर्स की संख्या 298ह्न है और उनके प्रोफाइल पर 400 से अधिक पोस्ट हैं।




अपने एक इंटरव्यू में लेक्सी ने बताया था कि उन्होंने दूसरों की सुनने के बजाय अपने पैशन को फॉलो किया। एक कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वही करने का फैसला किया, जो वह करना चाहती थी। लेक्सी जब 18 साल की थी, तब उन्हें एहसास हुआ कि वह 72 देशों की यात्रा कर चुकी हैं। इसके बाद ही उन्होंने वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने और तोड़ने का सपना देखा था और वह काफी सफल रही। लेक्सी ने अपनी अधिकांश यात्रा खुद के पैसों से किया था, क्योंकि उन्होंने कम उम्र में ही काम करना और अपने सपने के लिए पैसे बचाना शुरू कर दिया था।

# टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 के ताज पर विराट कोहली की निगाहें



**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज से पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तो उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान भी हासिल कर लिया। स्मिथ से पहले यहां विराट कोहली लगातार 13 महीनों से नंबर 1 पर काबिज थे। मौजूदा टेस्ट रैंकिंग में विराट 936 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर हैं और वह यहां पहले स्थान पर काबिज स्टीव स्मिथ से मात्र 1 अंक पीछे हैं। अब एक बार फिर विराट की निगाह नंबर 1 पोजिशन पर है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही मौजूदा सीरीज में उनका बल्ला रंग में है।

पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे टेस्ट में विराट ने नाबाद 254 रन की पारी खेलकर टेस्ट रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान के अंतर का फासला बहुत कम कर दिया है। अब विराट स्मिथ से सिर्फ 1 अंक पीछे हैं और रांची टेस्ट में वह एक और शानदार पारी खेलकर वापस पहला स्थान हासिल करना चाहेंगे। 254 रन की पारी खेलने वाले विराट के टेस्ट करियर का यह 7वां दोहरा शतक था।

विराट की अगुआई में टीम इंडिया में साउथ अफ्रीका का 3-0 से सफाया करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी तो विराट यहां अपने बल्ले से एक बार फिर रनों का अंबार लगाना चाहेंगे। ये दोनों ही खिलाड़ी रन मशीन माने जाते हैं और दोनों में रैंकिंग में टॉप पर बने रहने के यह प्रतिस्पर्धा कड़ी होने की उम्मीद है।

कंगारू टीम 21 नवंबर से पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी, जिसमें स्मिथ एक बार फिर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आगे निकलने की होड़ लगाएंगे।

## मार्क को भारी पड़ा मुक्का



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के ओपनर एडेन मार्करम को हताशा में किसी ठोस चीज पर मुक्का मारना भारी पड़ गया क्योंकि कलाई में चोट के कारण वह रांची टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। पुणे टेस्ट की दूसरी पारी में इस आउट होने के बाद खफा मार्करम ने किसी ठोस चीज पर पंच मारा जिससे वह चोटिल हो गए। टीम डॉक्टर हशेंद्र रामजी ने कहा, सीटी स्कैन से पता चलता है कि उनकी कलाई की हड्डियों में फ्रैक्चर है। मेडिकल टीम ने इसलिए उन्हें रांची टेस्ट के लिए अनफिट करार दिया। मार्करम गुरुवार सुबह स्वदेश रवाना हो गए।

## ओलंपिक क्वालीफायर से पहले टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन से खुश कोच रीड

HOCKEY INDIA

**भुवनेश्वर।** मुख्य कोच ग्राहम रीड भारतीय हाकी टीम की तरक्की से खुश हैं और उनकी इच्छा है कि रूस के खिलाफ आगामी ओलंपिक क्वालीफायर में उनके खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें । भारतीय टीम ने जून में भुवनेश्वर में एफआईएच पुरूष हाकी सीरिज फाइनल जीता था । इसके बाद अगस्त में तोक्यो में ओलंपिक टेस्ट टूनार्मेंट जीता । बेल्जियम दौरे पर भी टीम अपराजेय रही जिसमें उसने मेजबान और स्पेन के खिलाफ सारे मैच जीते । रीड ने कहा , दौड़ने, प्रयासों, रफ्तार और ऊर्जा में कोई कमी नहीं थी । पिछले विश्व कप की तुलना में यह बेहतर प्रदर्शन था । इस स्तर पर खेलने के लिये लगातार अच्छा प्रदर्शन जरूरी है । उन्होंने कहा , बेल्जियम और स्पेन के खिलाफ हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे । यह अच्छी बात है कि हम लय बरकरार रखने में कामयाब रहे । रीड ने कहा, गेंद पर नियंत्रण और संयोजन अच्छा था । अब उसी दिशा में प्रदर्शन बरकरार रखना है । अप्रैल 2019 में मुख्य कोच बने रीड ने कहा कि फीफा क्वालीफायर में उनकी टीम का फोकस बेसिक्स सही रखने पर होगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अपना प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रखें और आत्ममुग्धता से बचें । हम किससे खेल रहे हैं, यह मायने नहीं रखता । हमारे तेवर आक्रामक ही होंगे लेकिन हम विरोधी का सम्मान करके खेलेंगे ।

## रांची में भिड़ेंगे भारत और सा. अफ्रीका, क्या पुजारा फिर बरसाएंगे रन?

**रांची।** जब झारखंड की राजधानी रांची में 19 अक्टूबर यानी शनिवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच शुरू होगा तो तमाम बल्लेबाजों के अलावा टीम इंडिया के मिस्टर भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा से एक बड़ी पारी की उम्मीदें होंगी। पुजारा ने पिछले दो टेस्ट मैचों की तीन पारियों में दो दफा अर्धशतक (81 और 58 रन) जमाए हैं, लेकिन टेस्ट के इस विशेषज्ञ के शानदार रेकॉर्ड को देखते हुए उनसे ज्यादा की उम्मीद की जाती है।

हालिया वेस्ट इंडीज दौरे पर इस मिडल ऑर्डर बैट्समैन का बल्ला थोड़ा खामोश रहा था और वह टीम के लिए बड़ा योगदान नहीं कर पाए थे। अब मौजूदा सीरीज के इस आखिरी मैच में उनके लिए एक बार फिर से मंच तैयार है। रांची में इसलिए भी पुजारा के बल्ले से रन बरसने की आस होगी, क्योंकि



इससे पहले यहां खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में उन्होंने डबल सेंचुरी जड़ी थी।

**साहा ने भी जड़ी थी सेंचुरी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 में 16-20 मार्च को यहां खेले टेस्ट में पुजारा ने 525 गेंदों का सामना करते हुए 21 चौकों की मदद से 202 रन बनाए थे जबकि ऋद्धिमान साहा ने भी सेंचुरी जड़ी थी। भारत ने 9 विकेट के नुकसान पर 603 रन बनाकर पारी घोषित की थी, लेकिन मैच ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ था। टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए पुजारा को मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

**कुलदीप को मौका मुमकिन**

इस बीच, गुरुवार को विराट कोहली और रोहित शर्मा ने ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया। स्पिनर कुलदीप यादव हालांकि अपने बैटिंग के हुनर को निखारते नजर आए। पहले दो टेस्ट से बाहर रहे कुलदीप ने सेशन का पूरा इस्तेमाल किया। इस सेशन में अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल और ईशांत शर्मा ने भी भाग लिया। इससे पहले हेड कोच रवि शास्त्री और बोलिंग कोच भरत अरुण ने पिच का मुआयना किया। पिच सूखी होने से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। भारत के लिए आर अश्विन और रविंद्र जाडेजा ने क्रमशः 14 और 10 विकेट लिए हैं।

## आईसीसी के हालिया फैसलों को नहीं मानेगा बीसीसीआई: सीओए

**नई दिल्ली।** प्रशासकों की समिति ने आईसीसी से कहा है कि हाल ही में दुबई में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों को बीसीसीआई नहीं मानेगा क्योंकि अमिताभ चौधरी भारत के अधिकृत प्रतिनिधि नहीं थे।

चौधरी को सीओए ने आईसीसी की बैठक में भाग लेने से रोका था लेकिन उन्होंने शशांक मनोहर की अध्यक्षता वाली आईसीसी के न्योते पर नीतिगत फैसलों के लिए मतदान में भाग लिया।

आईसीसी बोर्ड ने अगले 8 साल के चक्र के लिए दो टी20 वर्ल्ड कप और 50 ओवरों के दो वर्ल्ड कप के अलावा अतिरिक्त वैश्विक टूर्नामेंट (50 ओवरों के प्रारूप में छह देशों का टूर्नामेंट) को मंजूरी दी थी। सदस्यों ने हर तीन साल में वनडे वर्ल्ड कप कराने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।

सीओए ने तल्ख लहजे में आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी को लिखे पत्र में कहा, 'सीओए आईसीसी की बैठक में अमिताभ चौधरी को बीसीसीआई का अधिकृत प्रतिनिधि नहीं मानता। बीसीसीआई उनके द्वारा बीसीसीआई की ओर से लिए गए किसी फैसले को नहीं मानता और ना ही आईसीसी के किसी फैसले को मानने के लिये बाध्य है।'

## भारत ने 2023 विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी पेश की

**लुसाने।** भारत समेत तीन देशों ने अगले पुरूष हाकी विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी पेश की है । अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ ने गुरूवार को यह जानकारी दी । भारत तीन बार विश्व कप का मेजबान रह चुका है । उसने 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच विश्व कप की मेजबानी की इच्छा जताई है । बेल्जियम और मलेशिया ने भी अपनी दावेदारी रखी है । वे एक से 17 जुलाई 2022 के बीच मेजबानी करना चाहते हैं । एफआईएच ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पांच देशों ने महिला हाकी विश्व कप की मेजबानी का दावा किया है । जर्मनी, स्पेन और नीदरलैंड एक से 17 जुलाई 2022 तक मेजबानी करना चाहते हैं जबकि मलेशिया ओर न्यूजीलैंड 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच मेजबानी के इच्छुक हैं । एफआईएच का एक कार्यसमूह छह नवंबर को होने वाली बैठक में सभी की दावेदारी पर गौर करके कार्यकारी बोर्ड को अनुशंसा भेजेगा। इस पर अंतिम फैसला आठ नवंबर 2019 को होगा ।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इसलिए कार्तिक और सारा ने किया ब्रेकअप!

**पिछले** दिनों सारा अली खान और कार्तिक आर्यन के अफेयर की खबरें मीडिया की सुर्खियों में छाई रहीं। अब खबर है कि दोनों ने इस रिश्ते से क्विट कर लिया है क्योंकि दोनों अपने हेक्टिक वर्क शेड्यूल से एक-दूसरे के लिए वक्त नहीं निकाल पा रहे थे। खबर के मुताबिक पता चला है कि दोनों एक-दूसरे के फिल्म सेट पर जाकर एक-दूसरे के लिए वक्त निकालने की कोशिश किया करते हैं, लेकिन इन सबके बीच वे एक-दूसरे के लिए क्वॉलिटी टाइम नहीं निकाल पा रहे। अब एक सूत्र ने जानकारी दी है कि दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए हैं। उन्होंने बताया है कि वे सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग हुए हैं इनके बीच कोई आपसी मनमुटाव भी नहीं। सूत्र के मुताबिक, वे अब भी एक-दूसरे के टच में हैं और दोनों बतौर फ्रेंड्स बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों अक्सर साथ नजर आते और पपराजी के कैमरे की निगहों पर रहते। इनके रिलेशनशिप को लेकर काफी खबरें सुनने के मिलती रही हैं, इसलिए दोनों ने तय किया है कि वे अब अपने लिए वक्त निकालेंगे और अपने करियर पर फोकस करेंगे।





# किसी किरदार के साथ अटैच्ड नहीं होतीः राधिका आप्टे

**फिल्मों** में किसी किरदार को निभाना जितना मुश्किल होता है उतना ही मुश्किल होता है उससे बाहर निकलना। लेकिन ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे की मानें तो वह हर किरदार को डूबकर तो करती हैं पर कभी भी उसके साथ अटैच नहीं होती। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह बड़ी ही आसानी से अपने किरदार से बाहर आ जाती हैं। राधिका ने कहा कि हर किरदार के लिए अलग-अलग तरह की मेहनत करने की आवश्यकता होती है। किसी के लिए कुछ ज्यादा रिसर्च करनी होती है तो किसी में ज्यादा प्रैक्टिस करनी होती है। यानि कि हर बार अलग तरह की तैयारी करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि वह उनमें से नहीं हैं जो अपने किरदार के साथ अटैच हो जाते हैं। बल्कि शूटिंग खत्म होते ही वह खुद को उस रोल से बड़ी आसानी से डिटैच कर लेती हैं। राधिका ने साल 2005 में फिल्म ' वाह लाइफ हो तो ऐसी' से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इन्होंने हिंदी के अलावा कई अन्य भाषाओं की भी फिल्में की हैं। इसके अलावा इंटरनैशनल स्पेस के बारे में बात करें तो जल्दी ही वह 'वर्ल्ड वॉर 2' की सत्य घटनाओं पर आधारित बनने वाली फिल्म में बतौर स्पाई की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। साथ ही वह नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'रात अकेली है' में भी दिखाई देंगी।



# तब मेरा पूरा बदन टेढ़ा हो गया थाः मौनी रॉय

**टीवी** की जानी-मानी अभिनेत्री मौनी रॉय अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की हीरोइन बनने के बाद अब 'मेड इन चाइना' में राजकुमार राव की हीरोइन बनकर आ रही हैं।एक इंटरव्यू में मौनी रॉय ने बताया कि एक समय वाकई बहुत मुश्किल दौर था, जब मैं एलफोर-एलफाइव के डीजनरेशन का शिकार हो गई थी। यह स्पाइन से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जहां आपकी डिस्क, जॉइंट्स, नर्वस सिस्टम और सॉफ्ट टिश्यूज प्रभावित होते हैं। मेरा कंप्लीट डीजनेरेशन हो गया था। बहुत कम लोगों को मेरी इस बीमारी की जानकारी है। मैं ठीक से खड़ी भी नहीं हो पाती थी। मेरा पूरा बदन टेढ़ा हो गया था। मुझे एक दिन में 36 गोलियां खानी पड़ती थीं। तब लगता था कि मेरी जिंदगी खत्म हो गई है। उसी दौर में मैंने अपने पिता को भी खो दिया। मेरी मॉम एक अलग तरह के डिप्रेशन से गुजर रही थीं। शारीरिक तौर पर दर्द और अक्षम होने के कारण मैं काम भी नहीं कर पा रही थी। 6 महीने तक मैं बिस्तर से लगी रही। मगर मैंने हिम्मत से काम लिया और आज आपके सामने हूं।

